SMG **सेवाएं**

**वैश्विक गोपनियता नीति**

प्रभावी तारीख: मार्च 2018

यह गोपनीयता नीति इस वेबसाइट तथा अन्य वेबसाइट, सेवाओं और एप्लिकेशन सहित उन मोबाइल एप्लिकेशंस के द्वारा एकत्रित निजी डेटा उपयोग करने पर भी लागू होता है, जिन पर यह गोपनीयता नीति पोस्ट, लिंक या संदर्भित (सामूहिक रूप से "**SMG सेवाएं**") है. ''निजी डेटा'' का मतलब किसी ज्ञात व्यक्ति या पहचानने योग्य प्राकृतिक व्यक्ति से संबंधित जानकारी है। SMG सर्विसेज का मालिकाना हक और/या इसका संचालन सर्विस मैनेजमेंट ग्रुप, एलएलसी, सर्विस मैनेजमेंट ग्रुप लिमिटेड, सर्विस मैनेजमेंट ग्रुप जीके और इनसे संबंधित संबद्ध सहयोगी कंपनियों को (सामूहिक रूप से "**SMG**," "हम" या "हमारे") के पास है। यह गोपनीयता नीति में बताया गया है हम आपके डेटा को कैसे एकत्र करते हैं और इसका क्या करते हैं।

कृपया इस गोपनीयता सूचना की सावधानी पूर्वक समीक्षा करें। आपका निजी डेटा इस गोपनीयता नीति के तहत दिए गए विवरणों के आधार पर एकत्र और उपयोग किया जाएगा।

अगर आपने ऐसा नहीं किया है तो SMG सेवा शर्तों की समीक्षा करें। यह आपके वेबसाइटों, एप्लिकेशन, सेवाओं और मोबाइल एप्लिकेशन के इस्तेमाल को नियंत्रित करने वाली शर्तों को तय करता है।

**अगर आप इस गोपनीयता कानून के किसी हिस्से से सहमत नहीं या सेवा की शर्त से सहमत नहीं हैं तो आप किसी भी SMG सेवाओं का इस्तेमाल न करें।**

1. **गोपनीयता नीति में बदलाव**
2. **SMG द्वारा हासिल की गई व्यक्तिगत आंकड़ों की श्रेणियां**
3. **हम कैसे जानकारियां इकट्ठा करते हैं और इसे हासिल करने के उद्देश्य**
4. **जानकारियां हासिल करन के कानूनी आधार**
5. **हम कैसे व्यक्तिगत आंकड़ों को इस्तेमाल करेंगे और साझा करेंगे।**
6. **व्यक्तिगत आंकड़ों को कैसे रखेंगे और इसका निपटारा कैसे करेंगे।**
7. **व्यक्ति आंकड़ों को जमा करने के संबंध में आपके अधिकार और विकल्प**
8. **व्यक्तिगत आंकड़े नहीं देने के परिणाम**
9. **कुकीज नीति**
10. **आपके अकाउंट की जानकारी का प्रबंधन करना**
11. **बच्चों की निजता**
12. **तीसरे पक्ष की सेवाओं से जुड़ा**
13. **सूचना सुरक्षा**
14. **व्यक्तिगत आंकड़ों के संबंध में भौगोलिक विचार और सीमा पार इसका हस्तांतरण**
15. **हमसे कैसे संपर्क करें।**
16. **आंकड़ा नियंत्रक और डेटा सुरक्षा अधिकारी**

**1. इस गोपनीयता नीति में बदलाव**

जब हम गोपनीयता नीति को प्रभावित करने वाले बदलाव करते हैं जैसे कि नई सेवाओं और एप्लिकेशन को जोड़ना, अपनी सेवाओं में सुधार करना और तकनीक और कानून में परिवर्तन संबंधित बदलाव करते हैं तो हम गोपनीयता कानून को भी समय-समय पर अपडेट करते हैं। इस वेबपेज के शीर्ष पर दिखाई गई तारीख इस गोपनीयता कानून के प्रभावित होने की तारीख को दिखाता है, इसका मतलब यह हुआ है कि गोपनीयता नीति कब अपडेट की गई थी। SMG आपको बदलाव होने पर नोटिस देता है और जहां कानून लागू होने की बात होती है तो वह आपकी सहमति भी प्राप्त करता है। यह नोटिस हमारे वेबसाइट पर इस संबंध में जानकारी देकर या हमारे एप्लीकेशन के जरिए आपको दी जाती है।

**2. SMG द्वारा हासिल की गई व्यक्तिगत आंकड़ों की श्रेणियां**

SMG कंपनियों की तरफ से मार्केट रिसर्च भी करता है। ये कंपनियां माल एवं सेवा के संबंध में उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं के बारे में अच्छी समझ हासिल करना चाहते हैं। ये कंपनियां हमारी "**क्लाइंट्स**." हैं। हम अपने क्लाइंट्स की तरफ से सर्वेक्षण करते हैं (सामूहिक रूप से, "**सर्वेक्षण**") और उस जानकारी का उपयोग उपभोक्ताओं की परेशानियों और जरूरतों को दूर करने में लगाते हैं, जैसे कि उपभोक्ता कहां और कब-कब रिटेल स्थानों पर जाता है और वहां का उसका अनुभव कैसा रहता है। जब आप सर्वेक्षण हासिल करते हैं या SMG सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं तो हम आपके व्यक्तिगत आंकड़ों का इस्तेमाल करते हैं जो आप हमें खुद मुहैया कराते हैं।

ये सभी व्यक्तिगत आकड़ें हम संग्रह करते हैं (1) संपर्क डेटा (जैसे कि ईमेल-आईडी, टेलिफोन नंबर) ; (2) जनसांख्यिकी आंकड़े (लिंग, जन्म तारीख और जिप कोड) (3) आपके बारे में जानकारी देने वाली आपकी प्रतिक्रियाएं या आपकी पहचान से जुड़ी हुई प्रतिक्रियाएं (4) एमएमसजी सेवाओं का इस्तेमाल करने से जुड़ी जानकारियां ("उपयोग डेटा).

हमारे द्वारा इस्तेमाल किए गए आंकड़ों में शामिल हैं: (1) आईपी एड्रेस; (2) डोमेन सर्वर (3) सेवाओं का इस्तेमाल करने के लिए उपोयग किए गए डिवाइसेज के प्रकार (4) आपके ब्राउजर या डिवाइस के बीच संपर्क से जुड़ी जानकारी जैसे कि डिवाइस मॉडल, कैरियर/नेटवर्क, बैटरी लाइफ की जानकारी (5) रियल टाइम जीपीएस या अगर आप हमें अनुमति देते हैं तो अन्य इसी तरह की आपके डिवाइस पर सेटिंग के आधार पर हासिल की गई जियोलोकेशन आंकड़ों की जानकारी (6) संबंधित वेबपेज या जिसके माध्यम से आप हमारी सेवा हासिल करते हैं उन स्रोतों की जानकारी जब आप ऑनलाइन सर्वेक्षण लेते हैं तो हम धोखाधड़ी की पहचान करने और उसे रोकने के लिए आपके डिवाइस के बारे में दूसरे तरह की जानकारियां जुटाते हैं।

**3. हम कैसे जानकारियां इकट्ठा करते हैं और इसे हासिल करने के उद्देश्य**

हम उन जानकारियों को जुटाते और हासिल करते हैं जो आप हमें मुहैया कराते है। इसके अलावा इस्तेमाल किए जाने वाले SMG सेवाओं से भी जानकारी जुटाते हैं। आप कैसे SMG सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं या हासिल करते हैं इसी पर हमारी ओर से जुटाई गई जानकारियां निर्भर करती हैं।

**आप से** हम आपसे तब जानकारी जुटाते हैं जब आप

- **एक सर्वेक्षण पूरा करें:** आप अपने उपभोक्ता अनुभव और तरजीहों के बारे में सर्वेक्षण में जो जानकारी देते हैं, उसी जानकारी को हम जुटाते हैं। हम आपके उपभोक्ता अनुभव को ठीक से समझने के लिए सर्वेक्षण में आपके द्वारा दिए गए जवाबों को एक जगह जुटाने के साथ ही हमारे क्लाइंट्स से मिली जानकारियों को भी जोड़ते हैं। इन जानकारियों में हमारे 'क्लाइंट के लॉयल्टी प्रोग्राम' में आपको द्वारा दी गई जानकारी भी होती है। समग्र उपभोक्ता अनुभव को बेहतर तरीके से समझने के लिए सर्वेक्षण में आपके द्वारा हासिल की गई जानकारियों के साथ हम अन्य उपयोगकर्ताओं द्वारा दी गई जानकारियों को भी जोड़ते हैं। जब आप सर्वेक्षण पूरा कर लेते हैं तो आप जिन जानकारियों को हमें मुहैया कराना पसंद करते हैं, उसका इस्तेमाल रिपोर्ट और अन्य उपभोक्ता अनुभव के विश्लेषण को समझने के लिए हमारे क्लाइंट्स करते हैं या फिर उसमें इसका इस्तेमाल होता है जिसके बारे में हमने आपको सूचना जमा करने के दौरान बताई थी। अगर आप नहीं चाहते हैं कि आपके द्वारा दी गई जानकारियों का इस्तेमाल रिपोर्ट, विश्लेषण या ऐसे किया जाए तो जैसा कि हमने आपको बताया था कि आप सर्वेक्षण पूरा नहीं करना चुन सकते हैं।

- **SMG सेवाओं का इस्तेमाल करें।** जब आप कुकीज या अन्य आंकड़े संग्रहण टूल का इस्तेमाल SMG सेवाओं के माध्यम से करते हैं तो हम खुद ही आपके आंकड़ों को जुटा लेते हैं। हम जुटाए गए इन आंकड़ों का इस्तेमाल आपके डिवाइस और हमारे सिस्टम के बीच संपर्क बनाने, सर्वेक्षण करने, सर्वेक्षण की प्रमाणिकता को सुनिश्चत करने, धोखाधड़ी की पहचान करने और उसे रोकने, मार्केट रिसर्च करने, अपनी वेबसाइट और एप्लीकेशन का प्रबंधन और उसमें सुधार करने और SMG सेवाओं को उन्नत करने और उसमें सुधार करने के लिए करते हैं। क्यों और कैसे हम कुकीज और इसी तरह के आंकड़े जमा करने वाले टूल का इस्तेमाल करते हैं इसके लिए गोपनीयता नीति की 'कुकीज पॉलिसी' देखें।

- **SMG सेवओं के इस्तेमाल करे दौरान अपना निजी डेटा जमा करें:** जब आप अपने निजी आंकड़ों को SMG सेवाओं का इस्तेमाल करने के संबंध में जमा करते हैं, जैसे कि सहायता या सूचना या फिर अपने अनुभवों को हमारे क्लाइंट्स को बताने के लिए करते हैं तो हम उन सूचनाओं को जमा करके उसका विश्लेषण करते हैं। आप SMG को जो जानकारियां देते हैं उसे हम अपने क्लाइंट्स को समग्र मार्केट रिसर्च के लिए मुहैया कराते हैं। आपकी अनुमति से आपकी टिप्पणियों को TrumpetRatings.comऔर हमारे क्लाइंट्स की वेबसाइट पर पोस्ट किया जा सकता है। जब इस तरह की टिप्पणियां सार्वजनिक मंचो जैसे कि TrumpetRatings.comया आम लोगों की पहुंच रखने वाले वेबसाइटों पर पोस्ट की जाती हैं तो वह सार्वजनिक जानकारी बन जाती है। आपने जो लिखा उसे तीसरा पक्ष भी देख सकता है या जमा करा सकता है और अन्य लोग भी उसका इस्तेमाल कर सकते हैं। हम उस पर नियंत्रण रखने में असक्षम हैं।

- **अपने सोशल मीडिया पहचान से SMG सेवाएं हासिल करें:** SMG आपको सोशल नेटवर्किंग सर्विसेज ((समग्र रूप से ,"**Social Media**") इस्तेमाल करने का अवसर कुछ खास SMG सेवाएं के लिए दे सकती है। जब आप अपने सोशल मीडिया पहचान से SMG सेवाओं को हासिल करना पसंद करते हैं तो SMG के पास आपके गोपनियता सेटिंग के आधार पर आपके द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी गई जानकारी हासिल कर सकती है, जैसे कि आपका नाम, ईमेल एड्रेस, प्रोफाइल फोटो, पोस्ट्स, कमेंट्स और सोशल मीडिया अकाउंट से जुड़ी अन्य जानकारियां इस जानकारी का इस्तेमाल हम गोपनीयता

नीति में बताए गए किसी उद्देश्य के लिए या अन्य किसी अतिरिक्त उद्देश्य के लिए कर सकते हैं जिसके बारे में आपको सूचना हासिल करने के दौरान सलाह दी गई थी। अगर आप नहीं चाहते हैं कि आपको सोशल मीडिया सूचना की जानकारी SMG के साथ सोशल मीडिया प्रदाता द्वारा साझा किया जाए तो आपको SMG सेवाओं का इस्तेमाल करने के लिए सोशल मीडिया अकाउंट का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

**हमारे क्लाइंट्स से।** हमारे कुछ प्रोडक्ट्स और सेवाओं के लिए हमारे क्लाइंट्स आपके उनके ब्रांड्स, उत्पाद और सेवाओं के साथ पारस्परिक प्रभाव के बारे में जानकारियां साझा करते हैं। इन जानकारियों में आपके द्वारा किसी लॉयल्टी प्रोग्राम में हिस्सा लेने सबंधी जानकारी से लेकर हस्तांतरण की जानकारी होती है। हम इस जानकारी को उस अन्य सूचनाओं के साथ मिलाते हैं जिसे हमने अपने उस मार्केट रिसर्च को उन्नत बनाने के लिए करते हैं जिसे हम क्लाइंट्स के लिए करते हैं।

## 4. जानकारियां हासिल करन के कानूनी आधार

**4.1.** हम आपके संपर्क डेटा, जनसांख्यिकीय डेटा और सर्वेक्षण की प्रतिक्रिया को तब हासिल करते हैं जब आप सर्वेक्षण में हिस्सा लेते हैं या SMG सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं। हम इस तरह के निजी आंकड़ों को अपने क्लाइंट्स को उनके ग्राहकों को बेहतर सेवा देने और उत्पाद में सुधार करने के साथ उनके कारोबारी हितों को देखते हुए देते हैं। इसके अलावा निजी आंकड़े हासिल करने का आधार SMG के अपने उत्पादों, सेवाओं और मार्केट रिसर्च को उन्नत करने के वैध हितों और ग्राहकों की सहायता और सूचना देने पर आधारित है।

**4.2.** जब आप सर्वेक्षण पूरा करते हैं या SMG सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं तो हम आपके उपयोग डेटा को उपयोग करते हैं। सर्वेक्षण में हिस्सा लेने के आपके चयन के आधार पर हम आंकड़ों को हासिल करना जारी रखते हैं। इसमें हम SMG के कुकीज और आंकड़ों को जमा करने वाले अन्य तकनीक के इस्तेमाल करने के आपकी अनुमति को पुष्टि करते हैं। आप अपनी अनुमिति हमारे डेटा सुरक्षा अधिकारी को इस आईडी पर ईमेल करके privacyofficer@smg.com}या फिर आंकड़ा सुरक्षा अधिकारी, सेवा प्रबंधन समूह, एलएलसी को 1737 मैक्गी स्ट्रीट, कंसास सिटी, एम ओ 64108 .पर कर सकते हैं।

**4.3.** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपके द्वारा दी गई जानकारियों को भी हम हासिल कर सकते हैं। यह आपकी गोपनियता सेटिंग पर आधारित होगी, जब आप SMG सेवाओं का इस्तेमाल सोशल नेटवर्किंग सेवाओं के साथ करेंगे। इस तरह की जानकारियां हम आपके अनुमति के बाद हासिल करते हैं, जिसे आप सोशल नेटवर्किंग सेवा के गोपनियता सेंटिंग में बताते हैं। आप अपना गोपनीयता सेटिंग बदलकर हमें सोशल मीडिया आंकड़ा हासिल करने की अनुमति खत्म कर सकते हैं।

**4.4.** हम अपने क्लाइंट्स से आपके उनके ब्रांड्स, उत्पाद और सेवा से संबंधित पारस्परिक प्रभाव की सूचना हासिल करते हैं। SMG के और SMG के क्लाइंट्स के वैध हितों के साथ ही SMG में सुधार और उसे उन्नत बनाने से लेकर हमारे क्लाइंट्स के उत्पाद और सेवाओं, SMG के मार्केट रिसर्च को उन्नत करने के लिए हम इस तरह की जानकारियों का इस्तेमाल करते हैं।

## 5. हम कैसे व्यक्तिगत आंकड़ों को इस्तेमाल करेंगे और साझा करेंगे।

हम आपकी जिन जानकारियों को जुटाते हैं या आप हमें जो मुहैया करता हैं उसे हम कैसे इस्तेमाल करते हैं या साझा करते हैं, यह बात इस पर निर्भर करता है कि आप SMG सेवाओं का कैसे इस्तेमाल करते हैं। जहां कानून की जरूरत होगी SMG आपके आग्रह का अनुपालन करेगा ताकि हम आपके व्यक्तिगत आंकड़ों को तीसरे पक्ष को देना बंद कर दें।

- **आपसे संचार।** आपके व्यक्तिगत आंकड़ों का इस्तेमाल जहां जरूरत पड़ेगी वहां आपके साथ मेल, टेलीफोन, ईमेल, मोबाइल अलर्ट, एसएमएस टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से संपर्क करने और हमारे संबंधों का संचालन करने के लिए करेंगे। जब तक सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाले खुद संपर्क का आग्रह नहीं करते हैं SMG उनसे जब तक खास जरूरी न पड़े, संपर्क नहीं करता है। संपर्क सिर्फ सर्वेक्षण की समग्रता, सर्वेक्षण देने, ईनाम दने या सर्वेक्षण में हिस्सा लेने के लाभ को देने या ग्राहक सेवा मुहैया कराने में किया जाएगा। सीधे मार्केटिंग के इरादे से SMG आपके व्यक्तिगत आंकड़ों का उपयोग नहीं करती है। अगर हमारा कोई क्लाइंट ऐसा करता है तो आपको उस क्लाइंट की गोपनीयता नीति की समीक्षा करनी चाहिए जिसके लिए हम आपके व्यक्ति आंकड़ें इकट्ठा करते हैं। हमा आपके व्यक्तिगत आंकड़ों को अपने सेवा प्रदाताओं के साथ हमारे और आपके संपर्क का प्रबंधन करने में सहायता देने के लिए कर सकते हैं।
- **आपके आग्रह पर सेवाएं देना** हम आपके द्वारा मांगी गई सेवाओं को देने या आपके द्वारा शुरू किए गए कामों में करने के लिए आपके व्यक्तिगत आंकड़ों का इस्तेमाल और साझा कर सकते हैं। यह तब लागू होता है जब आप मैसेज बोर्ड पर सूचना या तथ्य पोस्ट करते हैं या हमारे सोशल मीडिया पेज पर शेयर करते हैं। इसके अतिरिक्त जब आप हमें अनुमति देते हैं तो हम आपके व्यक्ति आंकड़ों का खुलासा आपका परिचय किसी से कराने के लिए कर सकते हैं, जिसे आप SMG सेवाओं के द्वारा संदेश भेजते हैं। सर्वेक्षण में हिस्सा लेने के बाद हम आपको ईनाम दिलवाने या लाभ दिलवाने के लिए आपके व्यक्तिगत आंकड़ों को तीसरे पक्ष के साथ साझा कर सकते हैं। अगर आप स्वीपस्टेक्स या अन्य विज्ञापन में हिस्सा लेते हैं तो हम आपकी जानकारी इस विज्ञापन प्रचार करनेवाले तीसरे पक्ष के साथ साझा करते हैं ताकि वह आपके सवालों का जवाब दे सकें या आप जिस पुरस्कार को जीते हैं उसके बारे में बता सकें या प्रचार के ही अन्य मुद्दों के बारे में बात कर सकें।
- **SMG सेवाओं का उपयोग और उसमें सुधार का विश्लेषण** कुकीज से हासिल किए गए व्यक्तिगत आंकड़ें और विश्लेषण के लिए जमा किए गए अन्य आंकड़ों का इस्तेमाल हम धोखाधड़ी का पता लगाने और SMG सेवाओं में सुधार के लिए करते हैं। हम तीसरे पक्ष के वेबसाइट विश्लेषण सेवा का इस्तेमाल यह जानने के लिए करते हैं कि कोई व्यक्ति SMG सेवाओं का इस्तेमाल कैसे करते हैं। इसमें रिकॉर्ड माउस क्लिक, माउस मुवमेंट्स, स्क्रॉलिंग एक्टिविटी और आप जो टेक्स्ट फ्री फॉर्म टेक्स्ट बॉक्स में टाइप करते हैं, उसका इस्तेमाल हम करते हैं। इन तीसरे पक्ष की सेवाओं से जमा किए गए सूचनाओं का इस्तेमाल हम SMG सेवा का इस्तेमाल करने वाले उपयोगकर्ताओं को बेहतर तरीके से समझने और उनके उपोयग अनुभव में सुधार करने के लिए करते हैं।
- **अन्य सेवा प्रदाताओं के साथ आंकड़े साझा करना** हम आपकी सूचनाओं सहित आपके व्यक्तिगत आंकड़ों को अन्य सेवा प्रदाताओं के साथ साझा कर सकते हैं, जिनके साथ हम अपने कार्यों जैसे कि होस्टिंग, डेटा स्टोरेज और सिक्योरिटी के लिए जुड़े होते हैं। हम आपके व्यक्तिगत आंकड़ों का इस्तेमाल

जरूरत पड़ने पर अन्य संबंधित SMG सेवाओं के लिए कर सकते हैं जैसे कि हमारे द्वारा संचालित वेबसाइट्स की रेटिंग्स और समीक्षा के लिए।

- **क्लाइंट्स के साथ आंकड़ा साझा करना** अगर आप SMG सेवाओं का इस्तेमाल अपने ग्राहक अनुभव के संबंध में हमारे क्लाइंट्स के साथ एक सर्वेक्षण में हिस्सा लेने के लिए करते हैं तो हम आपसे हासिल किए गए व्यक्तिगत आंकड़ों और आपके द्वारा सर्वेक्षण में दिए गए जवाबों को क्लाइंट के साथ साझा करते हैं। हम इस व्यक्तिगत आंकड़ों का इस्तेमाल मार्केट रिसर्च से जुड़ी चीजे निकालने और उपभोक्ता व्यवहार विश्लेषण मुहैया कराने और हमारे क्लाइंट्स के कारोबार इंटेलिजेंस के लिए कर सकते हैं। हम जिस क्लाइंट के लिए आपके व्यक्तिगत आंकड़ों को जमा कर रहे हैं वह उस जानकारी का इस्तेमाल कैसे करता है, उसे सुरक्षित कैसे रखता है और कैसे व्यक्तिगत आंकड़े हासिल करता है, इस सब बातों की जानकारी क्लाइंट की गोपनीयता नीति में होती है। हम और हमारे क्लाइंट्स इस तरह की विभिन्न सूचनाओं सहित हमारे द्वारा आपके बारे में जुटाए गए व्यक्तिगत आंकड़ों को जोड़ते हैं। SMG इस तरह की मिश्रित की गई सूचनाओं का इस्तेमाल गोपनीयता नीति में दिए गए उद्देश्यों के लिए कर सकती है और हमारे क्लाइंट्स भी मिश्रित की गई सूचनाओं का इस्तेमाल गोपनीयता नीति में दिए गए उद्देश्यों के लिए कर सकते हैं।

- **कानूनी जिम्मेदारियों और कानूनी अधिकारों को लागू करना** हम आपसे जुटाई गई जानकारियों को जरूरत पड़ने पर हमारे अधिकारों को लागू करने, हमारी संपत्तियों और अधिकारों की रक्षा करने, संपत्ति या दूसरों की रक्षा करने या बाहरी ऑडिटिंग, अनुपालन और कॉरपोरेट शासन कार्य के लिए कर सकते हैं। हम निजी आंकड़े का खुलासा करेंगे क्योंकि हमें समनुदेशन का, आंकड़ा सुरक्षा अधिकारी या न्यायाधीश का अनिवार्य आदेश, कानूनी प्रक्रिया, सरकार का आदेश या अन्य कानूनी या नियामक दायित्व को जवाब देना आवश्यक है। प्रत्येक मामले में यह आपके देश के निवास के बाहर एक इकाई हो सकती है हम व्यक्तिगत आंकड़ों को जरूरत पड़ने पर उपलब्ध उपायों की दिशा में आगे बढ़ने या हमें जो क्षति पहुंच सकती है उसे कम करने के लिए कर सकते हैं।

- **कॉर्पोरेट बदलावों के संबंध में डेटा हस्तांतरण** हम आपके बारे में, व्यक्तिगत आंकड़े सहित, किसी भी वास्तविक या आसन्न पुनर्गठन, विलय, बिक्री, संयुक्त उद्यम, असाइनमेंट, स्थानांतरण, अधिग्रहण या SMG या किसी संबद्ध कंपनी (या प्रत्येक में) किसी भी दिवालियापन या समान कार्यवाही के संबंध में, बिना किसी सीमा के, जिसमें संपूर्ण या आंशिक रूप से मामला) हो, सूचना हस्तांतर कर सकते हैं। ऐसी कोई ऐसी संस्था जिसके लिए हम व्यक्तिगत आंकड़े को स्थानांतरित करते हैं, आपको इस गोपनीयता नीति में निर्धारित उद्देश्यों के अनुरूप करने के किसी भी उद्देश्य के प्रति नोटिस प्रदान करने के साथ-साथ किसी भी गोपनीयता नीतियों की पूर्ति की आवश्यकता होती है, जो कि निर्धारित पद्धतियों से भिन्न हैं। कानूनी प्रक्रिया के तहत जहां जरूरी पड़ेगी वहां इस तरह की संस्थाओं को आपके मंजूरी की जरूरत पड़ेगी।

- **अन्य कारोबारी उद्देश्यों के लिए व्यक्तिगत आंकड़ों का इस्तेमाल** हम अन्य वैध व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए आपके व्यक्तिगत डेटा का भी उपयोग करते हैं जैसे कि उत्पाद और सेवा विकास और SMG सेवाओं का प्रबंधन

## 6. व्यक्तिगत आंकड़ों को कैसे रखेंगे और इसका निपटारा कैसे करेंगे।

हम आपके व्यक्तिगत डेटा को हमारे रिकॉर्ड में तब तक बनाए रखेंगे जब तक जिस उद्देश्य के लिए इसे जमा किया गया था, उसकी पूर्ति न हो जाए। जिस उद्देश्य के लिए इन आंकड़ों को जमा किए गया था, उसमें इसकी जरूरत नहीं रह जाती है तो हम आपके सभी इलेक्ट्रॉनिक निजी आंकड़ों को सुरक्षित रूप से डिलीट कर देते हैं। हमारे कानूनी जिम्मेदारियों की जरूरत को पूरा करने वाले को छोड़कर निजी आंकड़ों की सभी हार्ड कॉपी के टुकड़े-टुकड़े कर दिए जाते हैं।

## 7. व्यक्ति आंकड़ों को जमा करने के संबंध में आपके अधिकार और विकल्प

SMG सेवाओं का उपयोग करना बंद करके आप कभी भी सर्वेक्षण की भागीदारी से हट सकते हैं।

यदि आप अपने व्यक्तिगत डेटा से संबंधित विशिष्ट कार्यों का अनुरोध करने के अधिकार देने वाले कानूनों या नियमों के साथ किसी स्थान में रहते हैं, तो आपको ऐसे कानून [कानून] या विनियमन द्वारा दिए गए विशेष अधिकार होंगे, जिसमें पहुंच और सुधार का अनुरोध (जैसे, संशोधन या अनुपूरण) या अपने व्यक्तिगत डेटा का विलोपन, अपने डेटा (यानी, डेटा पोर्टेबिलिटी) को स्थानांतरित करने का अधिकार, आपके व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण पर प्रतिबंध, साथ ही आपके व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण के लिए ऑब्जेक्ट का अधिकार, आपको वापस लेने का अधिकार आर सहमति, अपना खाता रद्द करने का अधिकार, और एक पर्यवेक्षी प्राधिकारी के साथ शिकायत दर्ज करने का अधिकार ऐसे सभी अनुरोधों को संबंधित लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार तय मानदंडो के तहत निपटारा किया जाएगा।

यदि आप यूरोपीय संघ में रहते हैं, तो आपके पास एसडीएक्स से अनुरोध करने और आपके व्यक्तिगत आंकड़े, डेटा पोर्टेबिलिटी, आपके व्यक्तिगत आंकड़ों के हासिल करने पर प्रतिबंध, प्रसंस्करण के लिए ऑब्जेक्ट करने का अधिकार, SMG से अनुरोध करने और सुधार करने के लिए जनरल डेटा प्रोटेक्शन विनियमन के तहत सही है। आपके व्यक्तिगत डेटा के, अपनी सहमति, और एक पर्यवेक्षी प्राधिकारी के साथ शिकायत दर्ज करने अधिकार वापस लेने का अधिकार है। अगर आप यूरोपीय संघ से बाहर रहते हैं तो आपके स्थानीय कानूनों के तहत आपके पास कुछ डेटा विषय अधिकार भी हो सकते हैं।

इस तरह के अनुरोध को करने के लिए, हमारेगोपनीयता अधिकारी को privacyofficer@smg.com पर ईमेल कर या डेटा सुरक्षा अधिकारी, सर्विस मैनेजमेंट ग्रुप, एलएलसी, 1737 मैकजी स्ट्रीट, कंसास सिटी, एमओ 64108 में लिखकर संपर्क करें।

## 8. व्यक्तिगत डेटा प्रदान नहीं के परिणाम

हालांकि हमारे सर्वेक्षणों में भागीदारी स्वैच्छिक है, अगर आप सर्वेक्षण द्वारा अनुरोध की गई सभी जानकारी प्रदान नहीं करते हैं तो आप कुछ प्रोत्साहन, पुरस्कार या लाभ के लिए योग्य नहीं हो सकते हैं।

## 9. कुकीज नीति

### 9.1. कुकीज क्या हैं

SMG और हमारे सेवा प्रदाता छोटे टेक्स्ट फाइल का इस्तेमाल करते हैं जिसे कुकीज कहा जाता है। **“Cookies**”कुकीज, आपके वेब ब्राउज़र या आपके कंप्यूटर, मोबाइल डिवाइस या टैबलेट की हार्ड ड्राइव से पहुँचा या एक्सेस किया जाने वाला छोटा कंप्यूटर फाइल है जिसमें आपके कंप्यूटर के बारे में जानकारी होती है, जैसे उपयोगकर्ता आईडी, उपयोगकर्ता सेटिंग, ब्राउज़िंग इतिहास और सेवाओं का उपयोग करने संबंधी गतिविधियां एक कुकी में आमतौर पर डोमेन नाम (इंटरनेट स्थान) रहता है, जिसमें से कुकी उत्पन्न होती है, कुकी का "जीवनकाल" (अर्थात, इसकी समयसीमा समाप्त होने पर) और यहां बेतरतीब ढंग से जेनरेट की गई अद्वितीय संख्या या पहचानकर्ता होती है  कुकीज को व्यक्तिगत डेटा से जोड़ा जा सकता है.

### 9.2. हम कुकीज और आंकड़ा संग्रहण टूल का इस्तेमाल कैसे करते हैं

कुकीज हमारी मदद आपके नौवहन आदतों पर नजर रखकर SMG सेवाओं को बेहतर बनाने में हमारी मदद करता है औरSMG सेवाओं के साथ आपके अनुभव को अनुकूलित करता है।  इससे हमें SMG सेवाओं के बारे में तकनीकी और नौवहन संबंधी जानकारी का विश्लेषण करने में मदद मिलती है और हमें धोखाधड़ी का पता लगाने और रोकने में मदद मिलती है।

हम कुकीज़ और अन्य डेटा संग्रह उपकरण (जैसे वेब बीकन और सर्वर लॉग्स) का भी उपयोग करते हैं, जो कि हम SMG सेवाओं के साथ अपने अनुभव को बेहतर बनाने में सहायता के लिए एकत्रित रूप से "**डेटा संग्रह उपकरण**" के रूप में संदर्भित करते हैं - उदाहरण के लिए, जब आप हमारे पास वापस आते हैं तो हम आपको याद रखकर आपके द्वारा देखे जाने वाले कंटेट और अधिक महत्व का बनाते हैं।

आप जिस डिवाइस का इस्तेमाल SMG सेवाओं के लिए करते हैं तो उसका इस्तेमाल भी SMG सेवाएं डेटा कलेक्शन टूल के माध्यम से सूचना इकट्ठा करने के लिए कर सकती है, जैसे कि आपके ऑपरेटिंग सिस्टम टाइप-ब्राउजर टाइप, डोमेन और अन्य सिस्टम सेटिंग्स। इसके साथ ही आपका सिस्टम जिस भाषा का इस्तेमाल करता है और जिस देश और टाइम जोन में आपकी डिवाइस है, उसका इस्तेमाल भी आंकड़े जमा करने के लिए किया जाता है।

### 9.3. कुकीज पर आपका नियंत्रण

वेब ब्राउजर ब्राउज़र सेटिंग्स के माध्यम से अधिकांश कुकीज़ के कुछ नियंत्रण की अनुमति देते हैं। कुछ वेब ब्राउज़र (मोबाइल वेब ब्राउज़र सहित) ऐसी सेटिंग प्रदान करते हैं जो आपको कुकीज़ को अस्वीकार करने की अनुमति देती है या जब आपके कंप्यूटर, टैबलेट या मोबाइल डिवाइस पर एक कुकी रखी जाती है तो अलर्ट करने का विकल्प भी आपको मिलता है।  आप अपने मोबाइल डिवाइस पर उपयुक्त सेटिंग सक्रिय करके मोबाइल डिवाइस पहचानकर्ता को अस्वीकार कर सकते हैं।  हालांकि आपको SMG की कुकीज या मोबाइल डिवाइस पहचानकर्ता को स्वीकर करने की जरूरत नहीं पड़ती है अगर आप उन्हें ब्लॉक कर देते हैं या खारिज कर देते हैं। हो सकता है कि इसके बाद आप SMG सेवाओं द्वारा उपलब्ध सभी फीचर्स न हासिल कर पाएं। इसके अतिरिक्त, यदि आप एक विशेष क्षेत्राधिकार में रहते हैं जिसके लिए हमें हमारी वेबसाइट्स और या एप्लिकेशन पर कुकीज़ का उपयोग करने के लिए आपकी सहमति प्राप्त करने की आवश्यकता है, तो आपको उन वेबसाइटों और एप्लिकेशन पर अपनी कुकी प्राथमिकताएं प्रबंधित करने का मौका मिलेगा; सिवाय इसके कि इस तरह की

वेबसाइटों और एप्लिकेशन की मुख्य कार्यक्षमता को सक्षम करने के लिए कुछ कुकीज़ आवश्यक हैं और आप उन कुकीज़ को अक्षम नहीं कर सकते।

**10. आपके अकाउंट की जानकारी का प्रबंधन करना**

आप SMG सेवा के अकाउंट सेक्शन में जाकर हमारे पास आपके बारे में जो तथ्यात्मक गलत जानकारियां हैं, उसके सुधार सकते हैं और उसका प्रबंधन कर सकते हैं। अगर व्यक्तिगत आंकड़ों में सुधार या उसे हासिल करने से जुड़ा हुआ आपके मन में कोई सवाल है तो आप हमारे डेटा सुरक्षा अधिकारी को privacyofficer@smg.comईमेल कर सकते हैं या आंकड़ा सुरक्षा अधिकारी, सर्विस मैनेजमेंट ग्रुप, एलएलसी, 1737 मैकजी स्ट्रीट, कंसास सिटी, एमओ 64108 पर लिख कर भेज सकते हैं।

**11. बच्चों की निजता**

SMG सेवाएं आम दर्शकों के लिए होती हैं और यह उन बच्चों के लिए निर्देशित नहीं हैं जो उस उम्र के हैं , जिस पर वे किसी भी अधिकार क्षेत्र में अपने व्यक्तिगत डेटा की जानकारी हासिल करने के लिए सहमति प्रदान कर सकें। जानबूझकर हम ऐसे व्यक्तियों से व्यक्तिगत डेटा एकत्रित नहीं करते हैं यदि आपको किसी ऐसे बच्चे के बारे में पता चला है जो कि उस उम्र का है जब वह अपने व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण के लिए सहमति प्रदानकर सकता है और हमें माता-पिता की सहमति के बिना व्यक्तिगत डेटा प्रदान किया गया है तो हमारे आंकड़ा सुरक्षा अधिकारी को privacyofficer@smg.comईमेल कर सकते हैं या आंकड़ा सुरक्षा अधिकारी, सर्विस मैनेजमेंट ग्रुप, एलएलसी, 1737 मैकजी स्ट्रीट, कंसास सिटी, एमओ 64108 पर लिख कर भेज सकते हैं। यदि आपको किसी ऐसे बच्चे के बारे में पता चला है जो कि उस उम्र का है जब वह अपने व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण के लिए सहमति प्रदानकर सकता है और हमें माता-पिता की सहमति के बिना व्यक्तिगत डेटा प्रदान किया गया है तो हम इस तरह की जानकारियां हटाने और बच्चे के अकाउंट को जल्द से जल्द समाप्त करने संबंधित कदम उठाएंगे।

**12. तीसरे पक्ष की सेवाओं से जुड़ा**

SMG सेवाओं में तीसरे पक्षा का वेबसाइटों और सेवाओं (" **तृतीय पक्ष सेवा** ") के लिंक हो सकते हैं जिसके साथ SMG का कोई संबंध नहीं है। किसी भी तीसरे पक्ष की सेवा का लिंक इसका मतलब यह नहीं है कि हम इसका समर्थन करते हैं या उस पर प्रस्तुत जानकारी की गुणवत्ता या सटीकता का समर्थन करते हैं। यदि आप तीसरे पक्ष की सेवा पर जाने का निर्णय लेते हैं, तो आप इस गोपनीयता नीति में निर्धारित गोपनीयता नीति के तहत नहीं आएंगे

**13. सूचना सुरक्षा**

SMG के पास एक सूचना सुरक्षा कार्यक्रम है जो व्यक्तिगत आंकड़ों की सुरक्षा और गोपनीयता को बनाए रखने में सहायता के लिए डिजाइन तकनीकी, भौतिक और संगठनात्मक उपाय लागू करता है। गोपनीयता, अखंडता और व्यक्तिगत डेटा की उपलब्धता के लिए प्रत्याशित खतरों के खिलाफ सुरक्षा; और हानि, दुरुपयोग, अनधिकृत परिवर्तन या विनाश और अनधिकृत से आपके आंकड़ों की यह रक्षा करता है।

हालांकि, जब भी व्यक्तिगत आंकड़े हासिल किए जाते हैं, तो इसमें एक जोखिम रहता है कि आंकड़े खो भी जाएगा, दुरुपयोग, संशोधित, हैक, उल्लंघन, और / या अन्यथा अनधिकृत तृतीय पक्ष द्वारा एक्सेस भी किया जा सकता है। कोई सिस्टम या डेटा का ऑनलाइन संचरण पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। तकनीकी, शारीरिक और संगठनात्मक उपायों जो SMG आपके व्यक्तिगत आंकड़े की सुरक्षा के लिए मौजूद हैं, इसके अतिरिक्त आपको अपने व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए उचित सुरक्षा उपायों का उपयोग करना चाहिए। यदि आप मानते हैं कि आपका SMG खाता या आपके द्वारा प्रदान की जाने वाली कोई जानकारी अब सुरक्षित नहीं है, तो ईमेल द्वारा तुरंत हमारे आंकड़ा सुरक्षा अधिकारी privacyofficer@smg.com को बताएं या 1-800-764-0439 पर कॉल करके SMG के आंकड़ा सुरक्षा अधिकारी से बात कराने को कहें।

**14. व्यक्तिगत आंकड़ों के संबंध में भौगोलिक विचार और सीमा पार इसका हस्तांतरण**

SMG अमेरिका से SMG सेवाओं को नियंत्रित करता है और संचालित करता है। SMG संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, जापान या एशिया में या यूरोपीय संघ में किसी अन्य स्थान पर आपके व्यक्तिगत डेटा को स्थानांतरित, स्टोर और संसाधित कर सकता है इस बात को ध्यान में रखें कि जिस देश में आपका व्यक्तिगत डेटा स्थानांतरित हो रहा है उसकी गोपनीयता कानून आपके देश के कानूनों के समान व्यापक नहीं हो सकता है। उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थानांतरित व्यक्तिगत आंकड़ा अमेरिका में संघीय और राज्य के अधिकारियों द्वारा वैध पहुंच अनुरोधों के अधीन हो सकता है।

यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र ("ईईए") से संयुक्त राज्य अमेरिका में निजी डेटा के किसी स्थानान्तरण को यूरोपीय संघ-यूएस गोपनीयता निगरानी के अनुसार किया जाता है SMG ईईए से व्यक्तिगत डेटा के संग्रहण, उपयोग, साझा करने और बनाए रखने के बारे में यूरोपीय संघ-अमेरिका के गोपनीयता नीति सिद्धांतो के साथ भाग लेता है और अनुपालन करता है, जैसा कि हमारे यूरोपीय संघ-यूएस गोपनीयता नीति प्रमाणन में बताया गया है। गोपनीयता शील्ड सूची यहां देखें गोपनीयता शील्ड के बारे में यहां अधिक जानें। SMG अमेरिकी संघीय कारोबार आयोग की निगरानी के अधीन है।और तीसरे पक्षों द्वारा गोपनीयता शील्ड सिद्धांतों के साथ असंगत तरीके से निजी आंकड़ा हासिल करने के लिए ज़िम्मेदार रहेगा, जिसके लिए SMG ने निजी आंकड़े स्थानांतरित कर दिया है जब तक कि SMG साबित न करे दे कि वह क्षति पहुंचाने के लिए जिम्मेदार नहीं है ईईए के बाहर व्यक्तिगत आंकड़े के किसी भी और ऐसे सभी स्थानान्तरण इस गोपनीयता नीति और सभी लागू कानूनों के अनुसार होंगे। अगर हमारे गोपनीयता शील्ड अनुपालन के बारे में कोई शिकायत है, हमारे आंकड़ा सुरक्षा अधिकारी से ईमेल से privacyofficer@smg.com पर संपर्क करें या डेटा सुरक्षा अधिकारी, सर्विस मैनेजमेंट ग्रुप, एलएलसी को, 1737 मैक्जी स्ट्रीट, कैनसस सिटी, एमओ 64108 पर लिखें। आप हमारे चुने हुए स्वतंत्र विवाद समाधान निकाय में नि: शुल्क अमेरिकन आर्बिट्रेशन एसोसिएशन और कुछ परिस्थितियों में, गोपनीयता शिल्ड मध्यस्थता प्रक्रिया में शिकालय का उल्लेख कर सकते हैं।

अंग्रेजी भाषा की गोपनीयता नीति SMG की एसएएम सेवाओं से संबंधित गोपनीयता नीतियों की आधिकारिक मान्य भाषा है। अंग्रेजी भाषा में दिए गए इस गोपनीयता कानून और अन्य भाषाओं में किए गए इसके अनुवाद में अंतर होता है तो इस अंग्रेजी भाषा वाले दस्तावेज ही प्रबल रहेगा।

आप हमारे चुने हुए स्वतंत्र विवाद समाधान निकाय, अमेरिकन आर्बिट्रेशन एसोसिएशन (http://go.adr.org/privacyshield.html) को नि: शुल्क शिकायत भी देख सकते हैं, और कुछ परिस्थितियों में, गोपनीयता शील्ड मध्यस्थता प्रक्रिया का आह्वान करते हैं।

**15. हमसे कैसे संपर्क करें।**

अगर आपको अपनी गोपनीयता के संबंध में सवाल पूछने हैं या आप अपने व्यक्तिगत आंकड़ों को अपडेट करने या निजी आंकड़ों को हासिल करने संबंध शिकायत दर्ज कराना चाहते हैं तो हमारे डेटा सुरक्षा अधिकारी से ईमेल privacyofficer@smg.com पर संपर्क करें।

आप हमें इस पते पर लिखकर भेज भी सकते हैं:

सेवा प्रबंधन समूह, एलएलसी
ध्यानार्थ: डेटा सुरक्षा अधिकारी
1737 मैक्गी स्ट्रीट
कंसास सिटी, एमओ 64108

सेवा प्रबंधन समूह, लिमिटेड
ध्यानार्थ:  डेटा सुरक्षा अधिकारी
38-40 द माल्टिंग्स
सेंट अल्बन्स
हर्टफोर्डशाइर एएल13HL
ब्रिटेन

सेवा प्रबंधन समूह जीके
ध्यानार्थ: डेटा सुरक्षा अधिकारी
2-7-16 संख्या, 3 कोमोरिया बिल्डिंग 9एफ
हम्मात्सु-चो, मिनातो-कू
तोक्यो 1050013, जापान

**16. आंकड़ा नियंत्रक और डेटा सुरक्षा अधिकारी**

SMG द्वारा जमा किए जा रहे निजी आंकड़ों पर सर्विस मैनेजमेंट समूह, एलएलसी, 1737, मैक्गी स्ट्रीट, कंसास सिटी, एमओ 64108 नियंत्रण रखता है।  आप अपने डेटा सुरक्षा अधिकारी से ईमेल पर privacyofficer@smg.comया आंकड़ा सुरक्षा अधिकारी, सर्विस मैनेजमेंट ग्रुप, एलएलसी, 1737 मैक्गी स्ट्रीट, कंसास सिटी, एमओ 64108 पर लिखकर संपर्क कर सकते हैं।